पत्रांक–01 / भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति0)–05 / 2020 – 11409

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0,
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– 07-12-2020

विषय :– **अंचल अधिकारी के समकक्षीय पद–सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (बिहार राजस्व सेवा के प्रथम प्रोन्नति स्तर) पद का राज्य के बन्दोबस्त कार्यालयों हेतु पद कर्णांकित करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय अधिसूचना सं0–73(3) / रा0, दिनांक–27.02.2019 द्वारा बिहार राजस्व सेवा (संशोधन) नियमावली, 2019 अधिसूचित एवं प्रभावी है। नियमावली के अनुसूची–1 में बिहार राजस्व सेवा के अन्तर्गत स्वीकृत पदों का विवरण अंकित है। उक्त के अनुसार बिहार राजस्व सेवा के प्रथम प्रोन्नति स्तर–अंचल अधिकारी एवं समकक्ष ग्रेड के स्वीकृत पदों की संख्या निम्नवत है :–

अंचल अधिकारी एवं समकक्ष ग्रेड (प्रथम प्रोन्नति स्तर) :–

क्र0	पदनाम	पदों की संख्या
1	अंचल अधिकारी	534
2	कार्यपालक दण्डाधिकारी	147
3	सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी / चकबंदी पदाधिकारी	120
	कुल पद –	801

2. इन 801 सृजित पदों में से सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी / चकबंदी पदाधिकारी के लिए 120 पद चिन्हित है।

3. उल्लेखनीय है कि सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं चकबंदी पदाधिकारी फ्लोटिंग पद है अर्थात् बन्दोबस्त कार्यालयों एवं चकबंदी कार्यालयों में अवश्यकतानुसार इन 120 स्वीकृत पदों के विरूद्ध पदस्थापन किया जा सकता है। वर्त्तमान में राज्य में कुल 39 चकबंदी अंचल में चकबंदी का कार्य संचालित है। प्रत्येक अंचल में एक चकबंदी पदाधिकारी का पदस्थापन किया जाता है। इस प्रकार इन 39 चकबंदी अंचल में अधिकतम कुल–39 चकबंदी पदाधिकारी का पदस्थापन किया जाता है, ऐसी स्थिति में सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी / चकबंदी पदाधिकारी के कुल स्वीकृत 120 पदों में से 81 पदों के संदर्भ में बन्दोबस्त कार्यालयों में सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद कर्णांकित करने की आवश्यकता है।

4. उपर्युक्त के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के लिए उपलब्ध 81 पदों का परिशिष्ट–01 में वर्णित विवरणी के अनुसार जिलावार कर्णांकित करने का निर्णय लिया जाता है।

5. वेतन एवं अन्य भत्ते मद् में होने वाले व्यय का वहन मुख्यशीर्ष–2029–भू–राजस्व, उपमुख्य शीर्ष–00, लघुशीर्ष–102–सर्वेक्षण तथा बन्दोबस्त कार्य, उपशीर्ष–0101–सर्वेक्षण और बन्दोबस्त कार्य का पुनरीक्षण, मांग संख्या–40, विपत्र कोड–402029001020101 से विकलनीय होगा।

6. प्रस्ताव पर माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

7. पूर्व में निर्गत एतद् संबंधी सभी पत्र/परिपत्र निरस्त समझा जाएगा।

अनु0–परिशिष्ट–01

विश्वासभाजन,

(जय सिंह) 7/12/20
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति0)–05/2020 – 11409 , पटना–15, दिनांक– 07-12-2020

प्रतिलिपिः– वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/ निदेशक, चकबंदी, बिहार, पटना/निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय, बिहार, पटना/सभी जिला के कोषागार पदाधिकारी/उप कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह),
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति0)–05/2020 –11409 , पटना–15, दिनांक–07-12-2020

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री के आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(जय सिंह),
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(1)मु0स्था0(प्रति0)–05/2020 –11409 , पटना–15, दिनांक– 07-12-2020

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(जय सिंह), 7/12/20
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

<u>परिशिष्ट–1</u>

क्र0	जिला का नाम	भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश पत्रांक–416, दिनांक–13.03.2019 द्वारा पूर्व से कर्णांकित पद (नियमित)	नव कर्णांकित पद (नियमित)
1	2	3	4
1	भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय	06	08
2	लखीसराय	03	03
3	बेगूसराय	06	04
4	खगड़िया	02	02
5	अररिया	01	02
6	पूर्णियां	01	03
7	किशनगंज	01	02
8	कटिहार	01	02
9	सहरसा	03	03
10	सुपौल	03	03
11	मधेपुरा	03	03
12	पश्चिमी चम्पारण (बेतिया)	01	03
13	जमुई	01	02
14	नवादा	01	01
15	बांका	01	02
16	नालन्दा	02	03
17	शेखपुरा	01	02
18	भागलपुर	01	01
19	सारण	01	01
20	बक्सर	01	01
21	अरवल	01	02
22	औरंगाबाद	01	01
23	कैमूर (भभुआ)	01	01
24	गया	01	01
25	गोपालगंज	01	01
26	जहानाबाद	01	02
27	दरभंगा	01	01
28	पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी)	01	01
29	मुंगेर	01	03
30	मुजफ्फरपुर	01	01
31	रोहतास (सासाराम)	01	01
32	वैशाली	01	03
33	समस्तीपुर	01	01
34	सीतामढ़ी	01	02
35	पटना	02	03
36	भोजपुर	01	02
37	मधुबनी	01	01
38	सिवान	01	01
39	शिवहर	01	02
	कुल–	60	81

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना